दिनांक 15.01.2026 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# भिलाई निगम की बड़ी कार्रवाई, छावनी क्षेत्र में नाली और सड़कों से हटाया गया अवैध कब्जा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन–4 खुर्सीपार क्षेत्र में आज सुबह प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा प्रातः भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देशों के परिपालन में छावनी मंगल बाजार और अंकुश चौक के समीप नाली एवं सड़कों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। निगम प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि स्थानीय लोगों द्वारा नाली के ऊपर पक्का निर्माण कर और सड़कों तक सामान फैलाकर अतिक्रमण किया गया है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही थी और यातायात में भी समस्या आ रही थी। छावनी मंगल बाजार एवं अंकुश चौक पर नाली के ऊपर किए गए अवैध निर्माण को ढहाया गया और सड़क घेरकर रखे गए सामानों को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधितों को सख्त हिदायत दी गई है कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करें। निगम ने स्पष्ट किया है कि पुनरावृत्ति होने पर सामान जब्ती के साथ–साथ नियमानुसार भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार सहित स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व टीम उपस्थित रहे। नगर पालिक निगम भिलाई सभी नागरिकों और व्यापारियों से अपील करता है कि शहर की स्वच्छता और सुव्यवस्थित यातायात में सहयोग करें। नालियों और सड़कों पर अतिक्रमण न करें ताकि वर्षाकाल में जल भराव की स्थिति निर्मित न हो।




